# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं० : 2231562, 2215089, वेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in

पत्रांक : नि० प्रा०/ विधि 1-53/2019 779 /पटना, दिनांक 06/03/2020

प्रेषक,

रंजना कुमारी,
संयुक्त सचिव।

सेवा में,

**जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०),**
रोहतास ।
**प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०),**
शिवसागर ।

विषय : **शिवसागर प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति के प्रबंधकारिणी कमिटी के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची का प्रकाशन।**

महाशय,

निदेशानुसार कहना है कि प्राधिकार के पत्रांक 612 दिनांक 17.02.2020 द्वारा शिवसागर प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति के प्रबंधकारिणी कमिटी के निर्वाचन हेतु दिनांक 06.03.2020 को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के कार्यक्रम को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है एवं दावा/ आपत्ति प्राप्त करने की तिथि एवं अंतिम मतदाता सूची प्रकाशन की तिथि निम्नवत विस्तारित की जाती है:-

| क्र० | कार्यक्रम | तिथि |
|---|---|---|
| i | दावे/ आपत्तियाँ दाखिल करने की अवधि | दिनांक 07.03.2020, दिनांक 08.03.2020 एवं दिनांक 09.03.2020 |
| ii | दावे/ आपत्तियों के निष्पादन के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन | 14.03.2020 |

2. निर्वाचन कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के पहले प्राधिकार के लिए अंतिम रूप से प्रकाशित की जाने वाली मतदाता सूची का संक्षिप्त विवरण जानना आवश्यक है। **दिनांक 14.03.2020 को निर्वाचन पदाधिकारी अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची के संबंध में प्रपत्र-एम 7 पर दिये गये प्रपत्र में एक प्रतिवेदन तैयार करेंगे और इस प्रतिवेदन को प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी या अन्य पर्यवेक्षक के माध्यम से जिला सहकारिता पदाधिकारी को उसी दिन उपलब्ध करा देंगे। जिला सहकारिता पदाधिकारी प्रपत्र-एम 7 पर दिये गये प्रपत्र में ही संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन को उसी प्रपत्र में फैक्स या विशेष दूत द्वारा दिनांक 16.03.2020 तक निश्चित रूप से प्राधिकार को उपलब्ध करा देंगे।**

3. प्राधिकार के पत्रांक 257 दिनांक 13.02.2019 द्वारा दिये गये अन्य निदेश यथावत रहेंगे।

4. प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स0स0), शिवसागर इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे।

विश्वासभाजन,
06.3.20
(रंजना कुमारी)
संयुक्त सचिव।

BSEA Hall 06.03.2020

ज्ञापांक : 779 /पटना, दिनांक 06/03/2020

प्रतिलिपि : जिला सहकारिता पदाधिकारी, रोहतास को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. वे कृपया अपने स्तर से भी उपर्युक्त निदेश की जानकारी संबंधित समिति को देगें तथा संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी को स्वच्छ मतदाता सूची के निर्माण में आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। ज्ञातव्य हो कि निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा की गई किसी पृच्छा का सम्यक् एवं त्वरित उत्तर देने हेतु वे कर्त्तव्यबद्ध (dutybound) हैं।

06.3.20

**संयुक्त सचिव**

ज्ञापांक : 779 /पटना, दिनांक 06/03/2020

प्रतिलिपि: अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ अपर मुख्य सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ प्रमंडलीय आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना/ संबंधित उप विकास आयुक्त -सह- नोडल पदाधिकारी (म० स० स०) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

06.3.20

**संयुक्त सचिव**

ज्ञापांक : 779 /पटना, दिनांक 06/03/2020

प्रतिलिपि: अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

06.3.20

**संयुक्त सचिव**

ज्ञापांक : 779 /पटना, दिनांक 06/03/2020

प्रतिलिपि: मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी/ सांख्यिकी पर्यवेक्षक, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

06.3.20

**संयुक्त सचिव**